सहूलियत

**शोहरतगढ़ क्षेत्र के मधवापुर में नवीन मत्स्य मंडी निर्माण के लिए स्वीकृत हुआ धन**

# संवरेगा मत्स्य पालकों का भविष्य, 4.54 करोड़ से बनेगी मंडी

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ के मधवापुर में नवीन मत्स्य मंडी के निर्माण के लिए जीएसटी व लेबर सेंस समेत 5.56 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इसमें 4.54 करोड़ रुपये से मत्स्य मंडी कार्यालय भवन, चारदीवारी, गेट व दुकान आदि का निर्माण होगा।

इससे बढ़नी समेत आसपास के क्षेत्र में मत्स्य पालन करने वालों को महत्वपूर्ण बाजार मिल जाएगा। इससे यहां आने वाले गैर जनपद एवं नेपाल तक के व्यापारियों से उन्हें मछलियों की उचित कीमत मिल सकेगी। जो उनको आर्थिक रूप से सशक्त बनाएगा।

जिले के बढ़नी, इटवा, बर्डपुर समेत अन्य क्षेत्रों में कई किसान मत्स्य पालन करते हैं, लेकिन स्थानीय क्षेत्र में कहीं पर मछली का बड़ा बाजार नहीं लगने के कारण उन्हें अपनी उपज की उचित कीमत नहीं मिलती है। जो उनके आर्थिक उन्नयन में बाधा बन रही है।

बाजार अथवा मंडी नहीं होने से लोगों की मछली पालन में रूचि कम रहती है। इसी को देखते हुए डीएम डॉ. राजागणपति आर. की पहल पर मंडी समिति ने शोहरतगढ़ क्षेत्र में मत्स्य मंडी निर्माण की कार्ययोजना तैयार कर स्वीकृति के लिए शासन को भेजी।

इस पर राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद के मुख्य अभियंता गिरधारी लाल ने मंडी परिषद बस्ती के उप निदेशक निर्माण को पत्र भेजकर धन स्वीकृति की जानकारी दी है।

मछली मंडी निर्माण के लिए धन स्वीकृति मिलने के बाद क्षेत्र के मछली पालकों ने हर्ष व्यक्त किया है।



मधवापुर में मछली मंडी के लिए चिह्नित जगह। संवाद

शोहरतगढ़ क्षेत्र के मधवापुर में मत्स्य मंडी निर्माण के लिए धन की स्वीकृति मिल गयी है, इसके निर्माण से जिले में मत्स्य पालकों को एक बड़ा बाजार उपलब्ध हो जाएगा। जिससे मछली पालकों को उचित मूल्य मिल सकेगा, जो उनके आर्थिक उन्नयन में सहयोगी होगा। - डॉ. **राजागणपति आर.**, जिलाधिकारी



मछली मंडी बनाए जाने का निर्णय हम सभी मत्स्य पालकों के लिए अच्छा है। इससे हमारी मछलियों का अच्छा दाम मिलेगा व आस-पास के लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

**- सहाब अनवर,** मछली पालक, अकरहरा



मधवापुर में मछली मंडी बनने से हमारी वर्षों पुरानी मांग पूरी हो रही है। इससे मछलियों के भंडारण व निर्यात की सुविधा रहेगी, जिससे मछलियों का उचित दाम मिलेगा।

**- अनवर सादात,** मछली पालक, महादेव बुजुर्ग

## मछली मंडी में बनेंगी 16 दुकानें

**शोहरतगढ़** के मधवापुर में बनने वाली मछली मंडी में 14.59 लाख से छह मीटर चौड़ा और 16 मीटर लंबा दो छायादार नीलामी चबूतरे का निर्माण होगा। इसके साथ ही 20 लाख से कार्यालय भवन, 99.20 लाख से 16 दुकानों और 103 लाख से सड़कों का निर्माण होगा। इसके साथ ही नाला निर्माण, मिट्टी भराई, इंटरलॉकिंग निर्माण, जलापूर्ति के लिए पाइप लाइन बिछाने, सबमर्सिबल पंप स्थापना व विद्युतीकरण का कार्य होगा। इसी के साथ 1.17 करोड़ रुपये से चारदीवारी (530 मीटर लंबी), दो चेकपोस्ट, दो गेट, दो गेट पिलर भी निर्मित होंगे।